# तोपखाना विद्यालय, देवलाली, तोपखाना केंद्र, एनआरसी, तोपखाना रिकॉर्ड, एनआरसी और तोपखाना केंद्र, हैदराबाद में ग्रुप 'सी' के रक्षा सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

1. नासिक और हैदराबाद में विभिन्न रक्षा स्थापना के निम्नांकित ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं. पात्र उम्मीदवारों को अपना आवेदन **'कमांडेंट, मुख्यालय तोपखाना विद्यालय, देवलाली, जिला नासिक, महाराष्ट्र, पिन-422401'** के पते पर भेजना चाहिए. आवेदन रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **28 (अट्ठाईस) दिनों के भीतर** पहुंच जाना चाहिए, जो सभी उम्मीदवारों हेतु आयु सीमा निर्धारण की निर्णायक तिथि भी होगी. पदों के विवरण नीचे दिए गये हैं :

| पदों के नाम | भर्ती हेतु पदों की कुल सं. | आरक्षण |
|---|---|---|
| अश्रेलि | 01 | अनारक्षित हेतु पीएचपी (सी) श्रेणी (अर्थात अस्थि दिव्यांगता) |
| एमटीएस (सफाईवाला) | 01 | अनारक्षित |
| एमटीएस (संदेशवाहक) | 01 | भूतपूर्व सैनिक (अपिव) |
| साइस | 01 | ईडब्ल्यूएस |
| धोबी | 01 | ईडब्ल्यूएस |
| फायरमैन | 01 | अपिव |
| कुल | 06 | |

टिप्पणी : **रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किये जा सकते हैं :**

अना- अनारक्षित, **अजा-** अनुसूचित जाति, अजजा- अनुसूचित जनजाति, **अपिव-** अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईडब्ल्यूएस-** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **पीएचपी-** शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति, **भू.पू.सै.-** भूतपूर्व सैनिक.

शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति (पीएचपी)

(क) नेत्रहीनता और कमजोर दृष्टि

(ख) बधिर और सुनने में कमजोर

(ग) गतिविषयक दिव्यांगता मस्तिष्क पक्षाघात, ठीक हो चुके कुष्ठ रोगी, बौनापन, अम्ल प्रभावित पीड़ित और मांसपेशिय शिथिलता सहित.

(घ) (i) ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट शिक्षण दिव्यांगता

और मानसिक बीमारी.

(ii) बधिर और नेत्रहीनता सहित क्लॉज (क) से (घ) के अंतर्गत व्यक्तियों में बहु-दिव्यांगता.

सभी को अ... OPPORTUNITIES FOR ALL

2. आयु सीमा एवं छूट :

(क) अनारक्षित और ईडब्ल्यूएस हेतु - 18 से 25 वर्ष की आयु.

(ख) अजा एवं अजजा हेतु - 18 से 30 वर्ष की आयु.

(ग) अपिव हेतु - 18 से 28 वर्ष की आयु.

(घ) पीएचपी हेतु - शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की अधिकतम आयु सीमा निम्नवत शिथिलनीय होगी :

(i) सामा श्रेणी - 35 वर्ष

(ii) अजा/अजजा श्रेणी - 40 वर्ष

(iii) अपिव श्रेणी - 38 वर्ष

(iv) केंद्र सरकार के कर्मचारी - अश्रेलि हेतु 40 वर्ष एवं एमटीएस हेतु 35 वर्ष.

(ङ) भूतपूर्व सैनिकों (भू.पू.सै.) हेतु - वास्तविक आयु से वास्तविक सैनिक सेवा (सेना, नौ-सेना एवं वायुसेना) की अवधि घटाने और परिणामित आयु पद हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से अधिक नहीं होने पर, जिसके लिए वे 3 वर्ष से अधिक की नियुक्ति चाहते हैं.

(च) अनारक्षित पद के संदर्भ में आवेदन करने वाले अजा/ अजजा/ अपिव उम्मीदवार आयु सीमा आदि में किसी प्रकार की छूट के हकदार नहीं होंगे.

**टिप्पणी :** सभी पात्र उम्मीदवारों हेतु आयु में छूट वर्तमान सरकारी निर्देशों के अनुसार दी जाएगी.

3. प्रत्येक पद हेतु शैक्षिक अर्हता/ वेतनमान :

| पदों के नाम | वेतनमान | शैक्षिक अर्हता एवं अन्य अर्हता |
|---|---|---|
| अवर श्रेणी लिपिक (अश्रेलि) | लेवल-2 पे मैट्रिक्स- रु. 19900-63200/- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण.<br>(कंप्यूटर पर 35 श.प्र.मि. की गति से अंग्रेजी टंकण या कंप्यूटर पर 30 श.प्र.मि. की गति से हिंदी टंकण)<br>(35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट प्रत्येक शब्द हेतु 5 बटन दबाने के औसत से 10500/9000 केडीपीएच के तदनुरूप होगी). |
| एमटीएस (सफाई-वाला) (अना) | लेवल-1 पे मैट्रिक्स- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण. |

| पदों के नाम | वेतनमान | शैक्षिक अर्हता एवं अन्य अर्हता |
|---|---|---|
| एमटीएस (संदेशवाहक) (अपिव) (भू.पू.सै.) | रु. 18000-56900/- | वांछनीय : संबंधित ट्रेड की ड्यूटी में कुशल और ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव. |
| साइस | लेवल-1 पे मैट्रिक्स-रु. 18000-56900/- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण.<br>वांछनीय : साइस की ड्यूटी में कुशल होना चाहिए. |
| धोबी | लेवल-1 पे मैट्रिक्स-रु. 18000-56900/- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण.<br>(ii) सैनिक/ सिविलियन कपड़ों की अच्छी धुलाई और आयरन करने आना चाहिए. |
| फायरमैन | लेवल-2 पे मैट्रिक्स-रु. 19900-63200/- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण.<br>(ii) किसी राज्य अग्निशमन सेवा या किसी मान्यताप्राप्त बड़े संस्थान के अधीन अग्निशमन में प्रशिक्षण लिया होना चाहिए.<br>(iii) सभी प्रकार के एक्सटिंग्विशर, होज फिटिंग और अग्नि-शमन उपकरणों तथा उपकरणों जैसे फायर इंजन, ट्रेलर फायर पंप और फोम शाखाओं के उपयोग और देख-रेख में कुशल होना चाहिए.<br>(iv) शारीरिक रूप से स्वस्थ और कठिन ड्यूटी करने में सक्षम होना चाहिए और नीचे दी गयी परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए.<br>वांछनीय :<br>(i) विभिन्न प्रकार के अग्निशमन उपकरणों के देख-रेख और प्रचालन में निपुण होना चाहिए.<br>(ii) फायरमैन ग्रेड-I या वरिष्ठ फायरमैन के रूप में किसी नियमित सिविल या रक्षा फायर ब्रिगेड में कार्य करने का अनुभव.<br>(iii) रक्षा अग्निशमन अनुसंधान संस्थान, रक्षा मंत्रालय का सामान्य अग्निशमन पाठ्यक्रम या राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महा-विद्यालय, नागपुर से उप-अधिकारी पाठ्यक्रम या अन्य कोई भी समतुल्य मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो. |

| | | |
|---|---|---|
| | | टिप्पणी :<br>(i) लंबाई बिना जूतों के : 165 सेमी, बशर्ते कि लंबाई में 2.5 सेमी की छूट अजजा उम्मीदवारों को दी जाएगी.<br>(ii) सीना (बिना फुलाए) : 81.5 सेमी.<br>(iii) सीना(फुलाकर) : 85 सेमी.<br>(iv) वजन : 50 किग्रा. न्यूनतम.<br>(v) क्षमता परीक्षा.<br>(1) एक व्यक्ति को ढोना (96 सेकंडों के भीतर 183 मीटर की दूरी तक 63.5 किग्रा. के फायरमैन को उठाना).<br>(2) दोनों पैरों पर चलकर 2.7 मीटर चौड़े गड्ढे को पार करना (लंबी कूद).<br>(3) हाथों और पैरों का उपयोग करते हुए 3 मीटर खड़ी रस्सी पर चढ़ना. |

**टिप्पणी :** पदों के नाम में सरकारी आदेशों के अनुसार परिवर्तन किये जा सकते हैं.

**उम्मीदवारों/आवेदकों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :**

4. उक्त पदों हेतु पिछले किसी विज्ञापन के आधार पर आवेदन कर चुके कोई भी उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे और वर्तमान विज्ञापन के आधार पर नये आवेदन-पत्र में पुनः आवेदन करना चाहिए.

5. इच्छुक उम्मीदवारों को अपना आवेदन दिए गये प्रारूप के अनुसार साधारण डाक के माध्यम से ''कमांडेंट, मुख्यालय, तोपखाना विद्यालय, देवलाली, जिला नासिक, महाराष्ट्र, पिन-422401'' के पास भेजना चाहिए. उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र भेजते समय लिफाफे के शीर्ष पर श्रेणी ..................... (अना, अजा, अजजा, अपिव, ईडब्ल्यूएस, भू.पू.सै. और पीएचपी) में................................. पद हेतु आवेदन'' स्पष्ट लिखना चाहिए. तोपखाना विद्यालय, देवलाली में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 06 जनवरी, 2024 होगी.

6. आवेदन के साथ विधिवत स्व-सत्यापित निम्नांकित प्रलेखों/ प्रमाण-पत्रों की फोटोकॉपियां संलग्न की जानी चाहिए :

(क) अनिवार्य शैक्षिक अर्हता के अंकपत्र.

(ख) जन्म प्रमाण हेतु मैट्रिक प्रमाण-पत्र/ नगरपालिका जन्म प्रमाण-पत्र/ विद्यालय परित्याग प्राण-पत्र.

(ग) रु. 5/- के डाक टिकट विधिवत चिपके स्व-पता लिखित एक लिफाफा.

(घ) फोटो के पीठ पर विधिवत स्व-सत्यापित पासपोर्ट आकार के हाल के एक फोटो.

(ङ) भूतपूर्व सैनिकों हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित कार्यमुक्ति पंजी, पीपीओ और एईसी-I/II या मैट्रिक प्रमाण-पत्र, लागू अनुसार.

(च) रोजगार पंजीकरण पत्रक, यदि कोई हो तो.

(छ) अनुभव प्रमाण-पत्र, यदि कोई हो तो.

(ज) आरक्षित पदों हेतु विधिवत स्व-सत्यापित जाति प्रमाण-पत्र (अजा/ अजजा एवं अपिव (गैर-क्रीमी लेयर)) की फोटोकॉपी.

(झ) यदि उम्मीदवार पीएचपी हेतु आवेदन करते हैं तो सरकारी अस्पताल के सिविल सर्जन/ सीएमओ द्वारा दिव्यांगता प्रमाणित करते हुए जारी दिव्यांगता/ चिकित्सा प्रमाण-पत्र की प्रति.

(ञ) आयु में छूट के लाभ लेने हेतु केंद्र सरकार के सेवारत कर्मचारियों के लिए 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' (एनओसी).

7. **निम्नांकित आवेदन सीधे निरस्त कर दिए जाएंगे :**

(क) उम्मीदवार के हस्ताक्षर के बिना आवेदन.

(ख) विज्ञापन में प्रकाशित अनुसार निर्धारित प्रारूप के अतिरिक्त आवेदन.

(ग) फैक्स/ ऑसिग्मा के माध्यम से प्राप्त आवेदन.

(घ) किसी कारणवश निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन.

(ङ) अपूर्ण/ अपठनीय आवेदन.

(च) आवेदन-पत्र पर हाल के फोटो चिपके नहीं होने और स्व-सत्यापित नहीं होने और कोई अतिरिक्त फोटो संलग्न नहीं होने पर.

(छ) अनिवार्य अर्हताओं के अंकपत्र सत्यापित नहीं होने पर.

(ज) एक श्रेणी/ पद हेतु केवल एक आवेदन पर ही विचार किये जाएंगे. एक ही श्रेणी पद के लिए एक से अधिक आवेदन-पत्र अग्रेषित करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी उन्हें कोई सूचना दिए बिना सीधे निरस्त कर दी जाएगी.

8. यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल मूलभूत अनिवार्य अर्हताओं के पूरा करने मात्र से कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा हेतु बुलाए जाने के हकदार स्वतः नहीं हो जाएंगे. चयन पूर्णतया मेधा के आधार पर की जाएगा. चयन/ निरस्ती के संदर्भ में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के निर्णय अंतिम होंगे. भर्ती नियमों में निर्धारित अर्हता के अतिरिक्त किसी अतिरिक्त अर्हता के लिए कोई अधिभार नहीं दिए जाएंगे.

9. अनिवार्य अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के आधार पर तात्कालिक चयन प्रक्रिया के लिए आवेदनों की छंटनी की जाएगी.

10. प्रश्न-प्रपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और प्रत्येक गलत उत्तरों के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे. केवल अर्श्रेलि हेतु अंग्रेजी भाषा के परीक्षा में सम्मिश्रण और समझ पर आधारित प्रश्न शामिल होंगे.

11. लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा की तिथि की सूचना पत्र उम्मीदवारों को अलग-अलग दी जाएगी. परीक्षा केवल देवलाली, नासिक जिला (महाराष्ट्र) में संचालित की जाएगी.

12. किसी जानकारी के लिए किसी प्रकार के पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किये जाएंगे.

13. एक से अधिक पति-पत्नी के साथ रहने वाले या प्रथम पति-पत्नी के जीवित रहते हुए अन्य-पति-पत्नी से विवाह करने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.

14. अना पद हेतु आवेदन करने वाले अजा/ अजजा/ अपिव/ पीएचपी उम्मीदवार आयु सीमा में किसी छूट के हकदार नहीं होंगे.

15. नियुक्तिकर्ता प्राधिकरी लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा हेतु किसी उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त करने के अधिकार सुरक्षित रखते हैं. लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा हेतु बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की सभी या किसी भी निर्धारित नियमों का पालन करते हुए छंटनी की जाएगी. लिखित परीक्षा हेतु बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या कम करने के लिए आवश्यक पाए जाने पर बेंचमार्क अपनाए जाएंगे. ऐसी अपरिहार्यता में अनिवार्य अर्हता हेतु परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के आधार पर आवेदनों की जांच की जाएगी.

16. किसी भी रूप में सिफारिश तथा/ अथवा राजनीतिक या अन्य कोई भी सूत्र लाने पर परीक्षा/ पद हेतु अयोग्यता समझी जाएगी. अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किये जाएंगे.

17. पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार विद्यमान आदेशों के अनुसार चयन प्रक्रिया के अधीन होंगे और चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति केवल पुलिस प्राधिकरण से चरित्र और प्रत्यय-पत्रों के सत्यापन के बाद और चिकित्सा परीक्षा के बाद स्वस्थ पाए जाने पर की जाएगी.

18. चयनित उम्मीदवारों को नई पेंशन योजना (एनपीएस)-2024 के प्रावधानों द्वारा शासित किया जाएगा.

19. चयनित उम्मीदवारों को प्रारंभिक रूप से पूर्ववर्ती अखिल भारतीय सेवा स्थानांतरण दायित्व सहित रिक्ति के अनुसार नासिक/ देवलाली/ हैदराबाद में किसी भी रक्षा स्थापना में पदस्थापित किया जाएगा.

20. लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को किसी प्रकार के याभ/दैभ नहीं दिए जाएंगे.

21. **चयन/ निरस्ती के संदर्भ में नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के निर्णय अंतिम होंगे.**

22. नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी किसी भी चरण में कोई पूर्व सूचना दिए बिना/ कोई कारण बताए बगैर भर्ती प्रक्रिया की इस अधिसूचना को रद्द/ स्थगित/ निलंबित/ समाप्त/ संशोधित करने के अधिकार रखते हैं और किसी जानकारी के लिए किसी प्रकार के पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किये जाएंगे.

23. भर्ती बोर्ड के निर्णय सभी मामलों में अंतिम होंगे और बोर्ड चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को कोई जवाब भेजने की कोई जवाबदेही नहीं लेंगे.

24. कमांडेंट, तोपखाना विद्यालय, देवलाली डाक में हुए किसी प्रकार की देरी या डाक प्राप्त नहीं होने के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे. पदों/ रिक्तियों की संख्या भर्ती के समय वास्तविक अपेक्षा के आधार पर बढ़ाई/ घटाई जा सकती है.

25. ''बहुकार्य स्टाफ'' के रूप में नियुक्त उम्मीदवारों को बहुकार्य स्टाफ की ड्यूटी के चार्टर के अनुसार ड्यूटी करनी होगी.

26. **प्रश्न-प्रपत्र :** सभी लिखित परीक्षाओं के प्रश्न-प्रपत्र दो भाषाओं अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में होंगे.

27. **अश्रेलि के पद की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की पाठ्यसूची निम्नवत होगी :**

**अनुमत्य समय : 2घंटे.**

**प्रपत्र के शीर्षक नीचे दिए गये हैं :**

(क) सामान्य बुद्धिमत्ता.

(ख) अंग्रेजी भाषा.

(ग) संख्यात्मक अभिरुचि.

(घ) सामान्य जागरूकता.

(ङ) कौशल परीक्षा (कौशल परीक्षा कंप्यूटर पर ली जाएगी).

28. **अन्य पदों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की पाठ्यसूची निम्नवत होगी :**

| | |
|---|---|
| **अनुमत्य समय :** | 2 घंटे. |
| **पीएचपी उम्मीदवार हेतु अतिरिक्त अनुपूरक समय :** | 20 मिनट. |

प्रश्न-प्रपत्र : वस्तुनिष्ठ प्रकार के.

नेगेटिव अंक : प्रत्येक गलत उत्तरों के लिए 0.25 अंक.

प्रपत्र के शीर्षक नीचे दिए गये हैं :

| | |
|---|---|
| (क) सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति. | 25 प्रश्न, 25 अंक. |
| (ख) संख्यात्मक अभिरुचि - | 25 प्रश्न, 25अंक. |
| (ग) सामान्य अंग्रेजी - | 50 प्रश्न, 50 अंक. |
| (घ) सामान्य जागरूकता - | 50 प्रश्न, 50 अंक. |

29. सामान्य निर्देश :

(क) पद हेतु केवल एक आवेदन जमा करना चाहिए. अलग-अलग पदों हेतु आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को पद स्पष्ट लिखते हुए अलग-अलग आवेदन जमा करना चाहिए, जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है.

(ख) नियोजन कार्यालय द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को भी इस विज्ञापन के अनुसार आवेदन करना चाहिए.

30. भर्ती के संदर्भ में किसी विवाद की सुनवाई केवल नासिक के अधिकार-क्षेत्र में की जाएगी.

31. चयनित उम्मीदवार 2 वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति चरित्र एवं प्रत्यय-पत्र/ जन्मतिथि सहित शैक्षिक प्रमाण-पत्र/ शारीरिक रूप से दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के सत्यापन और चिकित्सा स्वस्थता परीक्षा के आधार पर संबंधित सिविल प्राधिकारी से प्राप्त संतोषप्रद रिपोर्ट पर आधारित होगी.

32. **आवेदन की तिथि :** तोपखाना विद्यालय, देवलाली में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 06 जनवरी, 2024 होगी.